आचार्य विद्या सागर कृत

निजामृतपान

(आचार्य अमृतचन्द्रदेव कृत श्री समयसार कलश का हिन्दी पद्यानुवाद)

•

प्रकाशक

बाबूलाल सेठी
मन्त्री, राजस्थान जैन सभा
चाकसू का चौक, जौहरी बाजार, जयपुर-३०२००३

•

प्रथम आवृत्ति

मई, १६७६

•

प्राप्ति स्थान

राजस्थान जैन सभा
चाकसू का चौक, जौहरी बाजार, जयपुर-३०२००३
कजोडीमल भागचन्द
सरावगी मोहल्ला, अजमेर
दीपचन्द चौधरी
C/o हीरा सोप वर्क्स
मदनगज, किशनगढ

•

मुद्रक :

सर्वेश्वर प्रिन्टर्स
मनिहारो का रास्ता, मकान नं० १८०४, जयपुर-३०२००३

•

मूल्य

साधारण संस्करण रुपये 3 00
सजिल्द संस्करण रुपये ५ 00
पुस्तकालय संस्करण रुपये ७.00

NIJAMRATPAN Acharya Vidya Sagar
Religion-1979

卐 विषयानुक्रमणी 卐

।। श्री वीतरागाय नम ।।

छन्द–वसन्ततिलका

विद्या-स्तवन

है कीर्ति पूर्ण जग मे जिनकी समाई,
वेराग्य मे रग गये पितु मातु भाई ।
है भद्रमूर्ति मन मैं छल ना विकार,
विद्यादिसागर जजें निज हो विहार ।। १ ।।

पा 'ज्ञानसागर' गुरु गरिमा वढाई,
औ ! ज्ञानलक्ष्मि जिनके उर मे समाई।
स्या(त्)वाद से विमल है जिनके विचार,
विद्यादिसागर जजें निज हो विहार ।। २ ।।

वाणी सुधारस सदा सवको पिलाते,
अज्ञान, भेद, मत-सशय को मिटाते।
ऐसे जिनेन्द्र लघु है जग मे प्रचार,
विद्यादिसागर जजें निज हो विहार ।। ३ ।।

है सघ पूर्ण, जग से परिमुक्त नेता,
ध्यानादि लीन तप इन्द्रिय के विजेता।
देवादि क्या मनुज नाग किया सुप्यार,
विद्यादिसागर जजें निज हो विहार ।। ४ ।।

हैं धर्ममूर्ति अनुकूल चतुर्थ काल,
ले भव्य पाद-रज से उर मुक्तिमाल ।
हो 'सन्मति', मुनि वनू मन का विचार,
विद्यादिसागर जजें निज हो विहार ।। ५ ।।

—क्षु. सन्मतिसागर

जे तपसूरा सजमधीरा, सिद्धवधू अणुराईया।
रयणत्तयरजिय, कम्महगजिय, ते ऋषिवरमय झाईया ।।

आचार्य १०८ श्री विद्यासागरजी मुनिराज

जन्म	मुनिदीक्षा	आचार्यपद
आश्विन शुक्ला पूर्णिमा	आषाढ शुक्ला पचमी	मार्गशीर्ष कृष्ण प्रतिपदा
वि० स० २००३	वि० स० २०२५	वि० स० २०२९

अपनी बात

इस काव्य के रचयिता परम पूज्य १०८ आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज की शास्त्रसम्मत कठोर तप साधना, निरन्तर ज्ञानार्जन एव आत्म कल्याण मे रहने के विषय मे अनेक विद्वतगणो से गत वर्षों मे जानकारी प्राप्त होती रही और आचार्य श्री के साक्षात् दर्शन हेतु मन लालायित रहता रहा।

दिनाक ५ अप्रेल ७९ को आचार्य श्री के पदमपुरा तीर्थ क्षेत्र पर पधारने का पावन सन्देश प्राप्त हुआ। मन मे दर्शनो की तीव्र लालसा जागृत हो उठी। सभा के अध्यक्ष श्री राजकुमारजी काला, वरिष्ठ सदस्य श्री कपूरचन्दजी पाटनी को जैसे ही इस सम्बन्ध मे जानकारी दी, सभी अपने समस्त व्यस्त कार्यों को छोडकर शीघ्र ही आचार्य श्री के दर्शनार्थ रवाना हो गये।

परम तपस्वी आचार्य श्री की शान्त एव वीतराग मुद्रा का जैसे ही साक्षात्कार हुआ, सबका मस्तक स्वत नत हो गया। हृदय मे जो आन्तरिक सुख एव शान्ति का सवेदन हुआ उसे शब्दो के माध्यम द्वारा व्यक्त करना सम्भव नही।

इसी अवसर पर आचार्य श्री को सभा द्वारा १९७७ एव १९७८ मे प्रकाशित महावीर जयन्ती स्मारिका की प्रति अवलोकनार्थ प्रस्तुत की एव आचार्य श्री से इस वर्ष प्रकाशित की जाने वाली स्मारिका मे अपना लेख देने एव जयपुर पधारने हेतु विनम्र निवेदन किया।

आचार्य श्री ने अनुग्रह कर अपने निबन्ध 'चेतना के गहराव' मे, जो कि आचार्य श्री द्वारा लिखित समयसार कलश के पद्यानुवाद, 'निजामृतपान' के भूमिका का एक अश है, की कृति सुलभ करा कर स्वीकृति प्रदान की। इसमे जो उन्होंने आत्म-नवनीत दिया है वह उनके आत्म रस के मथन का परिचायक है।

यह हमारा परम सौभाग्य है कि अद्भुत निजात्म-रस से परिपूरित हिन्दी काव्य, 'निजामृतपान'—जिसे कि आचार्य श्री ने अपने कुण्डलपुर के द्वितीय चातुर्मास

मे पूर्ण किया है—के प्रकाशन हेतु आचार्य श्री ने हमे सहज भाव से स्वीकृति प्रदान की।

इससे पूर्व कि आचार्य श्री के काव्य के सम्बन्ध मे दो शब्द निवेदन करू— आचार्य श्री का जीवन परिचय देना मैं अपना परम कर्त्तव्य समझता हूँ।

आचार्य श्री का परिचय देना सूर्य को दीपक दिखाने की दृष्टता होगी। आचार्य श्री का वास्तविक परिचय तो उनकी आत्म साधना एव आत्मानुभूति हैं जिन्हें शब्दो में प्रकट करना लेखनी की शक्ति से बाहर है। जैन समाज के वरिष्ठ विद्वान कैलाशचन्दजी शास्त्री के शब्दो में—'आपके प्रवचनो में अध्यात्मी कुन्दकुन्द एव दार्शनिक समन्तभद्र का समन्वय मिलता है। तन से नितान्त निरीह और मन से अति निस्पृह। आचार्य श्री ऐसे तपस्वी है जो लोक रजन की भावना से रहित जन मोहिनी से असपृक्त तथा भौतिक कौलाहल से दूर रहते हैं।'

जयपुर प्रवास मे ऐसे अनेको श्रावकों को आचार्य श्री की चर्चा और विद्वता के प्रति नत–मस्तक होते देखा है जो धर्म के प्रति आस्था नही रखते हैं। आचार्य श्री के व्यक्तित्व में ऐसा गुरुत्वाकर्षण है कि व्यक्ति स्वत 'आत्म-अमृत' प्राप्ति हेतु खिचा चला आता है।

जीवन परिचय

दिगम्बर साधु सस्था के उज्जवल ध्रुव तारे का बचपन का नाम विद्याधर है। आश्विन शुक्ला पूर्णिमा वि स २००३ की मगल बेला में सदलगा, जिला–बेलगांव, (कर्नाटक) मे आपका जन्म हुआ। आपके पिता श्री मल्लप्पाजी (मुनिराज मल्लिसागरजी) तथा मातुश्री श्रीमतीजी (आर्यिका समयमतिजी) है। आपका गौत्र अष्टगे हैं। आपके तीन भ्राता व दो बहने हैं। दो भाई एल्लक दीक्षा लेकर आचार्य श्री के साथ ही ज्ञान ध्यान मे लीन है तथा एक बहिन भी आर्यिका दीक्षा लेकर आत्म साधना मे लीन है। विद्याधर ने माँ–बाप के प्यार के साथ ही मराठी माध्यम से हाई स्कूल तक शिक्षा ग्रहण की।

बालक विद्याधर यथा नाम तथा गुण के धारक थे। बाल्यकाल से ही आपकी बुद्धि कुशाग्र है। आपने ६ वर्ष की अल्प आयु में ही प्रात स्मरणीय आचार्य श्री शान्तिसागरजी महाराज का उपदेश श्रवण कर अपने को धन्य माना और स्वय को मुक्ति पथ का पथिक बनाने की ठान ली।

ब्रह्मचर्य पथ की ओर

घटना उन दिनों की है जब आचार्य श्री देशभूषणजी महाराज खान्या मे ससघ विराजमान थे। गौर वर्ण और सौम्य मुद्रा से युक्त एक बालक ने आचार्यरत्न श्री देशभूषणजी महाराज से आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत ग्रहण किया। किसे पता था यह बालक ही आगे जाकर आचार्य श्री विद्यासागर बनेगा और समग्र साधु सस्था की धवल कीर्ति-पताका फहरायेगा।

वैराग्य पथ :

ब्रह्मचर्य व्रत के पश्चात् बालक विद्याधर प्रात स्मरणीय आचार्य श्री ज्ञान सागरजी के सानिध्य मे आया। आचार्य श्री ने बालक विद्याधर मे जो देखा उसे उसी अनुरूप बनाने मे वे लगे और अपने इस योग्य शिष्य को विद्याध्ययन कराया।

मुनि दीक्षा :

आचार्य श्री ज्ञानसागरजी महाराज ने अपने अजमेर पावस प्रवास मे आषाढ सुदी ५ सवत् २०२५ तदनुसार दिनाक ३० जून, १९६८ को ब्रह्मचारी विद्याधर को दिगम्बरी दीक्षा प्रदान की। गुरु-शिष्य का यह सयोग मणि—काचन के सयोग के समान अत्यन्त आकर्षण का विषय रहा। विद्या तथा दीक्षा गुरु के साथ रहकर मुनिश्री विद्यासागरजी ने जैनागम के अगाध सागर का अवगाहन कर अपनी ज्ञान गरिमा में वृद्धि की।

आचार्य पद :

आचार्य श्री ज्ञानसागरजी महाराज ने अपना अन्तिम समय जानकर अपने इस सुयोग्य शिष्य मुनिश्री विद्यासागर जी को नसीराबाद मे २१ नवम्बर, १९७२ के दिन आचार्य पद से विभूषित किया और स्वय ने सल्लेखनापूर्वक समाधि ले ली।

महा तपस्वी :

शीतकाल मे भी मात्र एक चटाई के अतिरिक्त अन्य किसी वस्तु तक का भी उपयोग नही करते है। गत शीतकाल मे तो आपने कई बार चटाई का भी उपयोग नहीं किया।

आप श्री की यह विशेषता है कि आप अपने विहार व विश्राम आदि की किसी भी प्रकार की पूर्व सूचना नही देते। जब इच्छा हुई पीछी—कमण्डल के साथ चल दिये।

संघ न्यासक :

आचार्य श्री विद्यासागरजी के सघ के जव दर्शन करते हैं तो सहसा यह विश्वास नही होता कि अल्पायु मे ये सभी युवक वैराग्य पथ के पथिक कैसे हो गये ? सारे सघ मे कोई ही ऐसा हो जिसने ३० वर्ष की वय पार की हो। इन युवा पिच्छी-कमण्डल धारियो का दल जव पाद-विहार करता हुआ ग्राम या नगर मे प्रवेश करता है तो सहसा किसी को भी यह विश्वास नही होता कि आगत मे यह दिगम्बर श्रमण वन भगवान महावीर के पथ की ओर वढेंगे। आप श्री के प्रेरक उद्वोधनो से, जीवन का रहस्य जानने को, ससार की असारता से मुँह मोड वैराग्य पथ की ओर वढने वाले हैं—

श्री १०५ ऐलक श्री योगसागरजी
श्री १०५ ऐलक श्री नियमसागरजी
श्री १०५ ऐलक श्री समयसागरजी
श्री १०५ ऐलक श्री दर्शनसागरजी
श्री १०५ क्षुल्लक श्री शीलसागरजी
श्री १०५ क्षुल्लक श्री सयमसागरजी
श्री १०५ क्षुल्लक श्री चरित्रसागरजी

आप श्री अपने शिष्यो को अपने समान वनाने मे कृत है। इन युवा पिच्छी-कमण्डल धारियो से युवको को प्रेरणा लेनी चाहिए।

पावस प्रवास

अव तक आचार्य श्री विद्यासागरजी ने निम्न स्थानो पर पावस प्रवास किए हैं
१९६८ सोनीजी की नसिया, अजमेर (राज)
१९६९ केशरगज, अजमेर
१९७० रेनवाल-किशनगढ (राज)
१९७१ मदनगज–किशनगढ
१९७२ नसीरावाद (उ प्र)
१९७३ व्यावर (राज)
१९७४ सोनीजी की नसिया, अजमेर
१९७५ फिरोजावाद (उ प्र)
१९७६ कुण्डलपुर (दमोह) म प्र
१९७७ कुण्डलपुर (दमोह) म प्र
१९७८ नैनागिरि, छतरपुर (म. प्र)

ज्ञान के भण्डार :

आचार्य श्री विद्या सागरजी यथा नाम तथा गुण के प्रमाण है। आप न्याय, व्याकरण, साहित्य, आगम तथा आध्यात्म आदि अनेक विद्याओ मे पारगत है। मातृभाषा कन्नड होते हुए भी आप श्री का मराठी, हिन्दी, अग्रेजी, सस्कृत तथा प्राकृत पर पूर्ण अधिकार है। अपने दीक्षा गुरु प्रात स्मरणीय आचार्य श्री ज्ञान-सागरजी ने अपनी ही तरह अपने इस शिष्य को भी निष्णात विद्वान बनाया।

आप श्री सतत् ज्ञानाभ्यास रत रहते हैं। एक क्षण भी व्यर्थ चर्चाओ मे व्यय नहीं करते।

आपश्री की मातृ भाषा कन्नड है परन्तु जब उपदेश देते हैं तो कोई भी श्रोता यह कहता है कि आपकी भाषा प्रवचन भाषा ही है। आपके प्रवचन पूर्ण आध्यात्मिकता का रस लिए हुए होते हैं।

काव्यकार-:

अपने पूज्य गुरु की तरह आपश्री ने भी अभूतपूर्व काव्य साधना की है। आपके गुरु आचार्य श्री ज्ञानसागरजी जयोदय, वीऐदय, दयोदय आदि काव्यो के प्रणेता रहे हैं उसी तरह आपश्री ने श्रमण शतक, निजानुभव शतक, निरञ्जन शतक, तीर्थ शतक, भावना शतक, योगसार, समाधि तन्त्र, मुक्तक शतक, इष्टोपदेश, एकीभाव स्तोत्र, कल्याण मन्दिर स्तोत्र, समणसुत्त, समयसार आदि का पद्यमय अनुवाद किया है। आपश्री का प्रिय छन्द वसत तिलका है। जब आप इस छन्द मे काव्य की पक्तिया सुनाते हैं तो श्रोता मन्त्रमुग्ध सा होता विभोर हो जाता है।

ऐसे परम तपस्वी ज्ञान गुण सागर, विद्या वारिधी आचार्य श्री विद्यासागर के जीवनवृत को अपने प्रिय युवा कवि श्री राजमल जैन 'बेगस्या' के शब्दो मे नमस्कार करता हू

इस परम दिगम्बर अवस्था को
विरले महान ही पाते हैं,
पा जाये जो इस अवस्था को
स्वय शुद्ध, बुद्ध परमात्म पा जाते है।

काव्य परिचय—निजामृतपान :

भगवान श्री कुन्दकुन्दाचार्य ने श्री 'समयसार' परमागम की रचना की। यह आचार्य श्री के आत्म-वैभव का प्रतीक है। ग्रन्थराज समयसार आध्यात्म का अनुपम पीयूष ग्रन्थ है एव साथ ही साथ उच्च कोटि का दर्शन शास्त्र भी। समयसार का शाब्दिक अर्थ है आत्मा का शुद्ध स्वरूप।

इस पर श्री अमृतचन्द्राचार्य देव ने 'आत्म ख्याति' टीका लिखी एव साथ ही उन्होंने अध्यात्म रस से भरपूर कलशो (जिन मदिर के शिखर के स्वर्ण कलश के समान) की भी रचना की। इस पर भी कई टीकायें लिखी जा चुकी हैं।

गद्य की अपेक्षा पद्य की ओर पाठक का स्वाभाविक आकर्षण रहता है। इस पर जिस पद्य के साथ स्वरलहरी का भी समावेश हो तो उसके महत्व मे अनेक गुणा वृद्धि हो जाती है एव भावो का हृदयगम होना सहज हो जाता है।

आचार्य श्री विद्यासागरजी ने उसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु समयसार कलश का पद्यानुवाद किया और काव्य को 'निजामृतपान' और छद को 'ज्ञानोदय छद' की सज्ञा दी।

अमृत का कार्य जीवन को अमरत्व प्रदान करना है। रचित पद्यानुवाद की भाषा इतनी भावपूर्ण सुगम एव मधुर है कि जिसका भाव पूर्ण पान (अध्ययन-मनन) निज मे निहित अनन्त गुणो का ज्ञान करा कर शुद्ध स्वभाव की प्राप्ति की ओर अग्रसर कराता है जो कि अमृत का कार्य है।

पूज्य आचार्य श्री एव सघस्थ अन्य त्यागी जन जब इस को प्रकृति प्रदत्त स्वर लहरी के साथ पढते हैं तब श्रोता मन्त्रमुग्ध सा हो जाता है। यह काव्य आचार्य श्री की भावना के लय पर है। निम्न उद्धरणो से पाठक सहज ही समझ सकेंगे कि अनुवाद कितना मूलानुगामी है और उसमे मूलसूत्र का हार्द कितना उतरा है। भाषा की सुगमता से अर्थ बोध स्वय होता जाता है।

खेल खेलता कौतुक से भी रुचि ले अपने चिन्तन मे,
मर जा "पर कर निजानुभव कर" घडी घडी मत रच तन मे,
फलत पल मे परम पूत को द्युतिमय निज को पायेगा,
देह–नेह तज, सज–धज निज को निज से निज घर जायेगा ॥२३॥

वर्णादिक है रागादिक हैं गुणस्थान की है सरणी,
वह सब रचना पुद्गल की है जिन-श्रुति कहती भवहरणी।
इसीलिए ये रागादिक है मल हैं केवल पुद्गल हैं,
शुद्धात्मा तो जड से न्यारा ज्ञान पुज है निर्मल हैं ॥३९॥

पद पद पर बहु पद मिलते हैं पर वे दुख पद पर पद हैं,
सब-पद मे बस पद ही वह पद सुखद निरापद निज पद है।
जिसके सम्मुख सब पद दिखते दलित–पद आपद हैं,
अत स्वाद्य है पेय निजी पद सकल गुणों का आस्पद है ॥१३९॥

एक भाव वह ध्रुवनिमय चिन्मय चेतन का नित नसता है,
किन्तु भाव सब परके पर हैं तू क्यों उनमें फसता है ?
उपादेय हैं ज्ञेय ध्येय हैं केवल चेतन-भाव सदा,
भाव हेय हैं पर के सारे पुद्गल-अचेतन-भाव कदा ? ॥१८४॥

ज्ञान चरित समदर्शन तीनों एकमेव घुल मिल जाना,
मोक्ष मार्ग है यही समझ लो शिव सुख सम्मुख मिल जाना ।
यही सेव्य है यही पेय है उपादेय है ध्येय यही,
मुमुक्षु-मुनिको अन्य नहीं बस हेय रही या ज्ञेय रही ॥२८६॥

आचार्य श्री ने प्रत्येक अधिकार के अन्त में अपने रचित दोहों में गागर में सागर भर दिया है जो कि निम्न उद्धरणों से स्पष्ट हो जावेगा ।

पाप पुण्य अधिकार

विभाव परिणति यह सभी, पुण्य रहो या पाप ।
स्वभाव मिलता, जब मिटे पाप पुण्य परिताप ॥
पाप प्रथम मिटता प्रथम, तजो पुण्य फल भोग ।
पुन: पुण्य मिटता, बनो आतम निर्मल योग ॥

सर्व विशुद्धज्ञानाधिकार

ज्ञान दुःख का मूल है, ज्ञान ही भव का कूल ।
राग सहित प्रतिकूल है, राग रहित अनुकूल ॥
चुन चुन उनमें उचित को, अनुचित मत चुन भूल ।
समय सार का सार है, निज बिन पर सब धूल ॥

स्यादवाद अधिकार

मेटे वाद विवाद को, निर्विवाद स्यादवाद ।
सब वादों को खुश करे-पुनि पुनि कर सवाद ।

आभार

सर्व प्रथम श्रद्धावन्त हैं पूज्य १०८ आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज के जिन्होंने दिगम्बर दीक्षा के पश्चात् प्रथम बार भगवान महावीर की पावन जयन्ती के अवसर पर जयपुर पधार कर जन-जन को आध्यात्म रस का अत्यन्त ही मनोवैज्ञानिक ढंग से सरल एवं सहज रूप में रसास्वादन कराया तथा इस अद्भुत आध्यात्म काव्य के प्रकाशन हेतु अनुमति उपलब्ध कराई ।

निरन्तर प्रकाशन के कार्य में प्रेरणा एवं सहयोग देने हेतु श्री पदमचन्दजी शाह का भी आभारी हूं जिनके सहयोग से ही यह कार्य सम्पन्न हो सका । प०

वशीधरजी शास्त्री ने श्री समयसार कलश की प्रति उपलब्ध कराई जिसके फलस्वरूप सस्कृत के कलशो का देना सभव हो सका। उन सभी महानुभावो का भी आभारी हू जिन्होने आर्थिक सहयोग प्राप्त करने मे श्रम कर प्रकाशन की आशा को सफली भूत किया।

मैं उन सभी महानुभावो का जिन्होंने इसके प्रकाशन हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान किया है अथवा आश्वासन प्रदान किए है आभार प्रकट करना अपना परम् कर्त्तव्य समझता हू।

सर्वेश्वर प्रिण्टर्स के प्रो श्री गोविन्दरामजी ने व्यक्तिगत रुचि ले कर एव दिन रात परिश्रम करके अथक सहयोग प्रदान किया जिसके फलस्वरूप अल्प समय मे यह प्रकाशन करना समव हो सका का भी आभार प्रकट किए विना नही रह सकता।

अन्य सभी महानुभावो का जिन्होंने प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से इस कार्य मे सहयोग दिया है उनका भी मैं आभारी हू।

प्रकाशन के कार्य मे जो कुछ कमिया व त्रुटिया रह गई है उसके लिए क्षमा करें एव सूचित करें।

आचार्य श्री के चरणो मे पुन शत शत वन्दन एव इस आशा के साथ कि आगामी चातुर्मास मे आप जयपुर पधारकर अध्यात्म रस का रसास्वादन करावेंगे।

दिनाक ५-५-७९
जयपुर

बाबूलाल सेठी
राजस्थान जैन सभा, जयपुर

चेतना के गहराव में

परम पूज्य आचार्य गुरुवर श्री १०८ ज्ञानसागरजी के पुनीत सानिध्य मे, पूज्य जयसेनाचार्य कृत 'सुगम-सरस-समरसपूरित तात्पर्यवृत्ति के माध्यम से ग्रन्थराज समयसार का रसास्वादन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। तदुपरान्त पूज्य अमृतचन्द्र-सूरि कृत आत्मख्याति 'को देखने की मन मे अभिरुचि हुई। गुरु महाराजश्री के चरणो मे सविनय भावना अभिव्यक्त की। उदार हृदय वाले, करुणा से ओत-प्रोत, वात्सल्य की साकार मूर्ति गो-माता जैसी बछडे को स्तन पिलाती है वैसे ही गुरुवर ने मुझे अपूर्व अध्यात्मरस से परिपूरित, सहज शान्त सुख का विधान, आत्म-ख्याति टीका का रसास्वादन कराया। फलस्वरूप आत्म ख्याति आत्म-सात् हुई। चेतना की लीला ज्ञात हुई। तप्त था, तृप्त हुआ। क्लान्त था, शान्त हुआ। मेरा आत्मा तुष्ट हुआ, सतुष्ट हुआ। निरन्तर अभय की अनुभूति के साथ निराबाध। यत्र-तत्र-सर्वत्र स्वतन्त्र यात्रा कर रहा हू। एकाकी यात्री।

स्वय को अवगाहित कर रहा हू !
अतल, अगम, सत् चेतना के गहराव मे !
मस्तक के बल पर,
दोनो हाथो से,
नीचे से नीर को चीरता हुआ,
चीरता हुआ,
ऊपर की ओर फेंकता हुआ,
फेंकता हुआ,
जा रहा हू,
आर-पार होने जा रहा हू।
अपार की यात्रा करने जा रहा हू।
पथ मे कोई आपत्ति नही है।
आपत्ति की सामग्री अवश्य,
ऊपर-नीचे,
आगे-पीछे
बिछी है।
किन्तु अभी कोई ओर !
छोर
दृष्टि मे नही आ रही है,
शोर भी तो नही।
चारो ओर मौन का साम्राज्य।
विस्तृत वितान।
बस !
सब कुछ स्वतन्त्र
अपनी-अपनी सत्ता को सजोये हुए
सहज सलील समुपस्थित।

परस्पर मे किसी प्रकार का टकराव नही,
लगाव के भाव नही।
अपने अपने ठहराव मे।
अपने अपने सवेदन।
अपने अपने भाव।
पर से भिन्न।
अपने से अभिन्न।
निरभ्र आकाश-मण्डल मे-
उडुगण की भाँति,
ज्ञानादि उज्ज्वल उज्ज्वल गुणमणियाँ
अवभासित हैं,
अवलोकित है।
आलोक का परिणमन यहाँ
घनीभूत प्रतीत होता है।
लो!
यही पर मिथ्यात्व रूपी मगर-मच्छ
से भी साक्षात्कार।
किन्तु उधर से आक्रमण नही,
कटाक्ष नही,
सघर्ष के लिये
कोई आमन्त्रण भी नही।
अनन्तकाँटो से निष्पन्न
उसका शरीर है।
कठोरता का शुद्ध परिणमन
कठोरता की परम सीमा है।
परन्तु मृदुता मे विरोध नही करती।
विरोध मे बोध कहाँ?
बोध विना शोध कहाँ?
विरोध तो अज्ञान का प्रतीक,
अन्धकार॥
ओ!
नयन-गवाक्षो से

फूटती हुई
अबाधित ज्योति किरण
मेरी ओर चान्दी की पतली धार सी,
आ रही है।
सानन्द आसीन है,
सत्तागत अनन्तानुवन्धी सर्प
कदर्प-दर्प से पूरा भरा है।
ज्ञान-ज्ञेय का सहज सम्वन्ध हुआ।
शुद्ध-सुधा
और विष का सगम हुआ।
यह ज्ञान के लिये अपूर्व अवसर है।
ज्ञान न तो दुखित हुआ,
न सुखित हुआ।
किन्तु यह सहज
विदित हुआ
कि
ध्यान-ध्येय सम्बन्ध से भी
ज्ञेय ज्ञायक सम्बन्ध
महत्त्वपूर्ण है।
पूर्ण है।
सहज है।
कोई तनाव नही।
इसमे केवल स्वभाव है।
भावित भाव।
ध्येय एक होता है।
जव ध्यान में ध्येय उतरता है,
तव ज्ञान सकीर्ण होता है,
ससीम होता है।
सकुचित ज्ञान
अनत का मुख, छू नही सकता।
अत ज्ञान प्रवाहित होता हुआ,
अनाहत वहता हुआ

जा रहा है।
सहज अपनी स्वाभाविक गति से।
अद्भुत है।
अननुभूत है।
विकार नही,
निर्विकार है।
तप्त नही,
क्लान्त नही।
तृप्त है,
शान्त है।
जिसमे नही ध्यान्त है।
जीवित है।
जागृत भी नितान्त है।
अपने मे विश्रान्त है।
यह विभूति!
अविकल, अनुभूति!
ऐसे ज्ञान की शुद्ध परिणति का ही
यह परिपाक है,
कि उपयोग का द्वितीय पहलु,
दर्शन ने अपने चमत्कार का परिचय देना,
प्रारम्भ किया है।
अब भेद
पतझड होता जा रहा है,
अभेद की वसन्त क्रीडा प्रारम्भ!
द्वैत के स्थान पर
अद्वैत उग आया है।
विकल्प मिटा,
अविकल्प उठा।
आर-पार हुआ,
तदाकार हुआ

निराकार हुआ,
समयसार हुआ
वह मैं!!!
...मैं मे सब,
सब मे 'मैं'
प्रकाश मे प्रकाश का अवतरण।
विकाश मे विनाश उत्सर्गित होता हुआ,
सम्मिलित होता हुआ,
सत् साकार हो उठा।
आकार मे निराकार हो उठा।
इस प्रकार
उपयोग की लम्बी यात्रा
मत्, त्वत् और तत् को
चीरती हुई,
पार करती हुई,
आज!!!
सत् मे विश्रान्त है।
पूर्ण काम है।
अभिराम है।
हम नही,
तुम नही,
यह नही,
वह नही,
मैं नही,
तू नही
सब घटा,
सब पिटा,
सब मिटा,
केवल उपस्थित
सत्, सत् सत् सत् है! है! है! है!

ज्ञात से अज्ञात की ओर जाने के लिए भगवत् कुन्दकुन्द आचार्य कृत समय-सार, पथ एव पाथेय का कार्य करता है। इसका आश्रय लेकर ही सत्-पथ-पथिक, ध्रुव-बिन्दु की ओर गतिमान होता हुआ, समुचित-समय पर कृत्य-कृत्य हो जाता है। सत्य तथ्य पाता है। ऐसे अपूर्व ग्रन्थराज समयसार के ऊपर, सर्वप्रथम अमृत चन्द्र सूरिजी ने आत्म-ख्याति नामक बृहत् सस्कृत टीका का अविमान किया जो अपने आप मे एक अनुपम निधि है। मैंने जब इसका अवलोकन किया, तब भाषा की गहनता का पूर्ण परिचय मिला और साथ-साथ अनुपम पद लालित्य ने मन को मोहित किया। इसी पद लालित्य ने इस कृति का बार-बार अवलोकन कराया। फलस्वरूप विषय विदित हुआ, अवगत हुआ, आत्मा से सहज सगम हुआ।

समयसार–सार

हम भाषा के माध्यम से, मन मे उठते हुए विचारो को दूसरो तक सहज एव स्पष्टरूपेण भेज सकते हैं। इसी प्रकार ग्रन्थ के गूढतम विषयो को टीकाओ, भाष्यो एव अनुवादो के माध्यम मे अवगत करा सकते हैं। भाव स्पष्ट करने की पद्धति भिन्न–भिन्न हो सकती है। कोई लेखक गद्य के, कोई पद्य के, कोई उभय नाटक (चम्पू) के माध्यम से ग्रन्थ के आशय को उद्घाटित करते हैं। प्रासगिक समयसार पर लिखी हुई आत्म-ख्याति टीका भी नाटक पद्धति का अनुकरण करती है जो विश्व का प्रथम सस्कृत नाटक काव्य माना जा सकता है। अत इस नाटक काव्य के अन्तर्गत आई हुई २७८ भिन्न-भिन्न कारिकाओ का (काव्यो का) पृथक रूपेण सकलन कर ग्रन्थ का रूप देना नाटक काव्य-प्रणाली को समाप्त-लुप्त करना है जो इष्ट नही है। तथापि हमने इन कारिकाओ का पृथक जो पद्यानुवाद किया है, उसका कारण भिन्न है। उसका स्पष्टीकरण यही आगे करेंगे।

आचार्य कुन्दकुन्द की तीन रचनाएँ बहुत प्रौढ मानी जाती हैं। एक प्रवचन सार, दूसरा पचास्तिकाय और तीसरा समयसार। इन्ही तीन रचनाओ पर पू० अमृतचन्द्र सूरि ने विषद-सस्कृत टीकायें लिखी हैं जो भाषा की दृष्टि से बहुत क्लिष्ट बन पडी है और शब्दान्वयी नही होने से प्रत्येक पाठक की, मूल तक गति नही हो पाती है। इन्ही समयसार आदि पर पूज्य जयसेन आचार्य कृत टीकायें, जो शब्दान्वयी है, उपलब्ध होती हैं, अत सुगम सरस होने से मूल ग्रन्थो की कली कली खोलती है। कुन्दकुन्द से परिचय कराती है। एक विशेष ध्यान देने की बात यह है कि इन उभय टीकाओ मे मूल गाथाओ की सख्या समान नहीं मिलती। पूज्य आ० अमृतचन्द्र की टीकाओ मे कम और आचार्यवर्य जयसेनजी की टीकाओ मे अधिक। (बहुत कुछ विचार करने के उपरान्त भी रहस्य खुल नहीं रहा था) किन्तु जब प्रवचन–सार की चूलिका अवलोकन कर रहा था, उस समय एक विशेष प्रसग

पर ध्यान गया—वह प्रसग है "स्त्री–मुक्ति निषेध का"। वहाँ पर एक साथ १०-१२ गाथायें छूटी है जिन पर आ० अमृतचन्द्र सूरिजी की टीका उपलब्ध नही होती। जबकि उन सभी प्रासगिक गाथाओ की टीका आ० जयसेनजी ने लिखी है। ज्ञात होता है कि आ० अमृतचन्द्रजी को स्त्री मुक्ति निषेध का प्रसग इष्ट प्रतीत नही हुआ। आगे जाकर उभय टीकाओं की समाप्ति पर क्रमश दो प्रशस्तिया भी मिलती हैं। आ० अमृतचन्द्रसूरि कृत टीका सम्बन्धी जो प्रशस्ति लिखी गई है, उसमे काष्टा सघ की परम्परा का ज्ञान कराया गया है और जयसेन आचार्य कृत टीका की प्रशस्ति मे मूल-सघ की परम्परा का ज्ञान कराते हुये आ० श्री जयसेनजी को मूल सघ के अन्तर्गत माना गया है। इस प्रकार उभय प्रशस्तियो से ज्ञात होता है कि आ० श्री जयसेनजी मूल सघ के और अमृतचन्द्र सूरिजी काष्टा सघ के सिद्ध होते हैं। टीकागत गाथायें कम बढ क्यो ? इस विषय की अनवेष्णा ने मुझे सघ का निर्णय कराया। इससे एक नवीन विषय उपलब्ध हुआ।

मनोगत भावो को भाषा का रूप देना तो कठिन है ही, उन्हे लेखबद्ध करना उससे भी कठिन है। भाषा को काव्य के साचे मे ढालना तो कठिन मे कठिनतर कार्य है। प्रत्येक लेखको को काव्य कला प्राप्त नही होती। काव्य-कला निष्णान्त लेखनी मे, काव्य के नियमो का उल्लघन किये बिना, भाषा एक विशेष लय मे डूबती जाती है और वही काव्य बनता है। श्राव्य बनता है। सामान्यत पद्यात्मक रचना को ही काव्य सज्ञा प्राप्त है। किन्तु काव्य का यह सही लक्षण नही है। कवे कृति काव्यम्। कवि की प्रत्येक कृतिया काव्य है। चाहे गद्य हो, चाहे पद्य, वह काव्य है जिससे पर्याप्त मात्रा मे लय-ध्वनिया फूटती हो। आत्म-ख्याति भी एक अनुपम काव्य है जो अध्यात्म रस से भरपूर है। इस काव्य मे, नाटक की पद्धति होने से, प्रत्येक अधिकार मे कुछ पद्य काव्य भी हैं जो काव्य-रसिक-पाठक के चचल मन को अविचल बनाते हैं और अध्यात्म की गहराइयो मे सहज ही ले जाते हैं। उन पद्य काव्यो की सख्या २७८ है। इन्हीं का सकलन आज वर्तमान मे कलशा के नाम मे ख्याति प्राप्त है। किन्तु ये भिन्न-भिन्न छन्दो–बन्धनो से अलकृत है। कही अनुष्टुप् आर्या, द्रुतविलंबित आदि छन्द हैं, तो कही मन्दाक्रान्ता, शार्दूल, शिखरिणी वसन्ततिलका, स्रग्धरा, मालिनी आदि छन्द है। इससे यह भी ज्ञात होता है कि आचार्य श्री को केवल छन्द शास्त्र का ही ज्ञान नही, अपितु उन पर अधिकार भी है।

लयात्मक काव्य का (अतुकान्त) आविष्कार

कुछ दिनो तक इस कलशा का प्रतिदिन पाठ भी किया करता था। फलस्वरूप कुछ काव्य कण्ठस्थ भी हुए थे। किन्तु १८८ वा काव्य, जिसमे यद्यपि नय की धारा

प्रवाहित है, कण्ठस्थ होना तो दूर रहा, किन्तु कण्ठ को ही पकडने लगा, लगा मुझे, इस काव्य मे अवश्य दोष है या मुझे इस छन्द का ज्ञान नही है। तब भिन्न-भिन्न सस्थाओ से प्रकाशित समयसार का एव कलशो का अवलोकन प्रारम्भ किया। किन्तु कुछ भी हाथ नही लगा। एक दिन निर्णय सागर मुद्रणालय से मुद्रित प्रथम गच्छक का अवलोकन कर रहा था। तब प्रासगिक काव्य को सख्या क्रम मे तो स्थान मिला था, परन्तु इस काव्य के सम्मुख प्रश्नार्थक चिन्ह अवश्य लगा था। तब लगा कि इस काव्य मे कुछ ना कुछ रहस्य अवश्य है। इसी वर्षा योग की बात है, सिद्ध क्षेत्र-नैनागिरि पर डा० पन्नालालजी साहित्याचार्य से भी इस काव्य के सम्बन्ध मे चर्चा हुई। आपने भी यह कहा कि आज तक इसके सम्बन्ध मे कुछ निर्णय नही हुआ कि यह गद्य है या पद्य और कुछ ऐसे ही प्रकरण हरिवश आदि पुराणो मे भी उपलब्ध होते है। पडितजी के विचार सुनकर और भी अभिरुचि बढ गई कि इस काव्य के सम्बन्ध मे सही-सही निर्णय लेना ही होगा। अत इस ओर अविरल चिन्तन की धारा चलती ही रही। उसी का यह सुफल मानता हू कि आकस्मिक, गत तीन-चार वर्षों पूर्व की बात स्मृति मे उतर आई। वह भी "निराला" की अनामिका और तार सप्तक अज्ञेय का सपादन। इन कृतियो मे भी भाषा न तो गद्य मे ढली है और न तो छन्दो-बद्ध पद्य मे सब बन्धनो से मुक्त, स्वतन्त्र। किन्तु भाषा मे उच्छृखलता, स्वच्छन्दता नही, एक लय बद्ध-धारा मे भाषा अपनी सहज गति से प्रवाहित है। यद्यपि सर्वप्रथम इन कृतियो का हिन्दी साहित्य क्षेत्र मे समादर नही हुआ, तथापि नूतन-आविष्कार होने से दिनो-दिन लोकप्रियता बढती गई और ये कृतिया विशेष सम्मानित हैं इसीलिए निराला आदि कवियो को हिन्दी कवि-जगत् लयात्मक नूतन काव्यो के आविष्कर्ता स्वीकार करता है।

इससे यह पूर्ण निर्णय होता है कि प्रासगिक कलशा काव्य सदोष नही किन्तु निर्दोष, एक लयात्मक काव्य है जो हिन्दी लयात्मक काव्यो की अपेक्षा प्राचीनतम है। ऐसी स्थिति मे आ० पूज्य अमृतचन्द्रजी सस्कृत लयात्मक काव्य के आद्य आविष्कर्ता है। अत केवल जैन समाज के लिए ही नही अपितु दिगम्बर साधुओ के लिए भी यह गौरव का विषय है।

ज्ञान आत्मा का अनन्य गुण है। वह आत्मा से किसी भी तरह कभी पृथक हो नही सकता। उसका कार्य केवल ज्ञेय-भूत पदार्थों को जानना है ज्ञेय भूत पदार्थ स्व भी हो सकता है पर भी। किन्तु समयसार मे, आत्म ज्ञान की प्राप्ति के लिए, ज्ञान और तद्वान ज्ञानी की स्तुति की गई है। वह ज्ञान सामान्यत तीन प्रकार का है। शब्द-ज्ञान, अर्थ ज्ञान और ज्ञानानुभूति। जैसाकि 'आत्मा' इस शब्द का स्वर व्यजन के साथ ज्ञान होना, शब्द ज्ञान है—अर्थात् इस ज्ञान के साथ अर्थ ज्ञान और ज्ञानानुभूति सम्बन्ध नही रहता। केवल तोते के समान 'आत्मा' 'आत्मा' रटना होता है।

इस ज्ञान के उपरान्त, अर्थ ज्ञान होता है। यह पदार्थ के स्वरूप, लक्षण, गुण धर्म के सम्बन्ध मे परोक्ष रूप ज्ञान कराता है। जैसेकि आत्मा अमूर्त है, ज्ञान-दर्शन स्वभाव वाला है इत्यादि। इन दोनो ज्ञानो के साथ आत्म पदार्थ सम्बन्धी यथार्थ श्रद्धान तो हो सकता है, किन्तु तदनुभूति का कोई नियम नही है। हा, प्राप्त श्रद्धान के बल पर ही इसकी यात्रा ज्ञानानुभूति लिए होगी। ऐसी ज्ञानानुभूति जब तक परिग्रह एव प्रमाद-दशा रहेगी तब तक केवल गृहस्थ को ही नही अपितु दिगम्बर मुनियो के लिए भी प्राप्त नहीं होगी। परिग्रहवान् को भी यदि ज्ञानानुभूति (आत्मानुभूति) का लाभ हो जाये तो कैवल्य प्राप्ति भी होनी चाहिए, क्योकि कैवल्य का कारण ही ज्ञानानुभूति, आत्मानुभूति है। अत गृहस्थ दशा मे ज्ञानानुभूति मानना कैवल्य ज्ञान को प्रकारान्तर से इसी दशा मे मानना है। यह महान दोष है एव सिद्धान्त विरुद्ध है सप्रति ऐसे भी अध्यात्म प्रेमी बन्धु हैं जो शब्द-ज्ञान एव अर्थ-ज्ञान भर को ज्ञानानुभूति-आत्मानुभव मान कर विषय वासना मे आपाद-कण्ठ डूबे हैं और बताते हैं कि विषय-वासना तो चरित्र-मोहनीय का परिणाम है। हम तो ज्ञान मे व्यस्त हैं, मस्त हैं। एकान्त से उनका भी यह कहना दोषपूर्ण नही है क्योकि समय-सार ही एक ऐसा ग्रथ है कि अच्छे-अच्छे विद्वान भी इसके सही-सही अर्थ से भाव से वचित रह जाते हैं। आज से वर्षो पूर्व की बात है कि समयसार का गहन अध्ययन करते हुए भी प० कविवर बनारसीदासजी बिना रस के ही रहे। उन्ही के शब्दो मे देखिए।

करनी को तो रस मिट्यो आयो न निज को स्वाद।
भई बनारसी की दशा जैसो ऊट को पाद॥

समयसार, समयसार कलश आदि इन ग्रन्थो मे, सम्यग्दृष्टि, ज्ञानी, सम्यग्दृष्टि का भोग, निर्जरा का कारण, इत्यादि प्रयोगो का बाहुल्य है। अत पाठक सहज ही यह निर्णय ले लेता है कि सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान गृहस्थावस्था मे भी सम्भव है। अत पूर्वकृत-कर्मों की निर्जरा होगी ही। भोग भले, भोगते रहो, उससे कुछ होने वाला नहीं है इत्यादि। इससे विदित होता है कि प० बनारसीदासजी परम्परा अभी अबाधित चल रही है। बुद्धिमानो को यह विचार करना चाहिए कि भोग निर्जरा का कारण हो तो बन्ध का कारण क्या होगा? और 'सम्यग्दृष्टि का भोग' निर्जरा का कारण है तो कौन से सम्यग्दृष्टि का भोग निर्जरा का कारण है? क्योकि शुभोपयोग मे आया हुआ सम्यग्दृष्टि जब देव गुरु आदि आराध्यो की आराधना करता है तब उसका भी उपयोग बन्ध का कारण है, ऐसा आगम मे उल्लेख मिलता है। बात यह है कि सम्यग्दृष्टि मुनि या श्रावक के पूजन आदि आवश्यक तो बन्ध का कारण और सम्यग्दृष्टि का भोग निर्जरा का कारण, यह किस दशा मे?

वन्धुओ ! इन समयसारादि अध्यात्म ग्रन्थो मे वीतरागी सम्यग्दृष्टि को ही ग्रहण किया है और वीतराग चरित्र के साथ अविनाभाव सम्बन्ध रखने वाला वीतराग विज्ञान ज्ञानानुभूति या आत्मानुभव स्वीकार किया है। अत ये रत्नत्रय की निधिया अपरिग्रही निर्ग्रन्थ दिगम्बर मुनियो मे ही उपलब्ध हो सकती हैं। उनका जो पूर्व कर्म के उदय से अनिच्छापूर्वक पचेन्द्रिय विषयो का भोग भोगना होता है वह निर्जरा का कारण होता है रागपूर्वक भोग तो केवल बन्ध का ही कारण है।

अत ग्रहस्थ दशा मे राग के साथ भोगानुभूति तो सभव है किन्तु ज्ञानानुभूति, उपयोगानुभूति तो त्रिकाल असभव। हा ज्ञानानुभूति या आत्मानुभूति ही उपादेय है, ऐसी भावना वह ग्रहस्थ सराग सम्यग्दृष्टि सध्याकालीन सामायिको मे भा सकता है, कर सकता है, करता ही है, किन्तु भावना और अनुभूति, इन दोनो मे उतना ही अन्तर है, जितना अन्तर जल के चिन्तन मे और जलपान मे। अस्तु !

इसी विषय को पुष्ट एव स्पष्ट करने वाले प्रसग कलशा का अनुवाद देखिए !

ज्ञान विना, रट निश्चय, निश्चय निश्चयवादी भी डूबे,
क्रिया-कलापि भी ये डूबे, डूबे सयम से ऊबे।
प्रमत बन कर कर्म न करते अकम्प, निश्चल शैल रहे,
आत्म-ध्यान मे लीन किन्तु मुनि, तीन लोक पे तैर रहे ।।कलशा सख्या १११।।

वीतराग-विज्ञान को स्वीकार किए विना, विषय-कषाय रूपी दलदल मे फसे हुए, अपने आपको ज्ञानी मानने वाले, दम्भी निश्चय-वादी, केवल निश्चय की दिन रात रट लगाते लगाते डूब गये अर्थात् ससार समुद्र को पार नही कर पाये। उसी प्रकार वीतराग की भूमिका का वहि निर्वाह करने वाला-दिगम्बरत्व को स्वीकार करते हुए भी कुछ ऐसे मुनि, जो मात्र वाह्य क्रिया काण्ड मे दिन रात लीन हैं, वे भी भव-कूल-किनारा नही पाये। डूब गये। और सयम से भयभीत होने वाले भी ससार सागर मे डूब गये ! किन्तु ख्याति-पूजा-लाभादिक की वाछा नही रखने वाले सभी प्रकार के प्रमादो से दूर, अप्रमत दशा का अनुभव करते हुए निर्विकल्प-समाधि मे लीन, पर्वत के समान निश्चल, आत्मानुभूति के बल पर वीतरागी ज्ञानी मुनिराज तैर रहे हैं। वे अब ससार-सागर मे डूब नही सकते।

ऐसे ही अनेक प्रसग शुभ-चन्द्राचार्य कृत ज्ञानार्णव मे भी उपलब्ध होते हैं। यथा—

रत्नत्रयमनासाद्य य साक्षाद्ध्यातुमिच्छति ।
खपुष्पे कुरुते मूढ स वन्ध्या सुत शेखरम् ॥सम्यग्दर्शनम्॥

आकाश के फूलो से वन्ध्या के पुत्र के लिए सेहरा (मुकुट) बनाने का प्रयास करने वाला जैसा मूर्ख माना जाता है, वैसा ही रत्नत्रय अर्थात् महाव्रत को स्वीकार किए बिना जो आत्मध्यान की इच्छा करता है वह मूर्ख माना जाता हैं।

अनिषिध्याक्ष सदोह य साक्षात् मोक्तुमिच्छति ।
विदारयति दुर्बुद्धि स शिरसा महीधरम् ॥इन्द्रियदमन पृ० ३४॥

इन्द्रिय-दमन किये बिना, जो व्यक्ति मोक्ष-ध्यान के फल को प्राप्त करने में उद्यत हुआ है वह उसी तरह हास्य का पात्र है जिस तरह कोई मूढ मति-हीन, मस्तक के बल पर पर्वत को फोडने मे रत है। यह निश्चित है कि पर्वत के बदले मे उसका मस्तक ही फूटेगा।

अत वीतराग स्वसवेदन, वीतराग सम्यग्दर्शन, वीतराग चरित्र शुद्धोपयोग स्वरूपाचरण चारित्र, शुद्ध ज्ञान चेतना, शुद्धात्मानुभूति, निर्विकल्प समाधि, आत्मा-ध्यान आदि, इन अपूर्व निधियो का अधिकारी-स्वामी कौन हो सकता हैं यह गूढ रहस्य उद्घाटित हो इसी भावना से कलशा का पृथक् रूपेण भावानुवाद(पद्यानुवाद) किया है। किन्तु अब अनुभव कर रहा हूँ कि इन विषयो को और स्पष्ट करने हेतु कलशा पर, भले ही छोटा हो, परन्तु भाष्य नितान्त आवश्यक है। देखो!! समय पर!!! सम्भावना है!

प्रेरणा

सर्व सेवा सघ, वाराणसी से प्रकाशित समणसुत्तम् का पद्यानुवाद "जैन गीता" के नाम से जो किया है, उसकी पूर्वार्द्ध की पाडुलिपी सतना मे पूर्ण की। उसे देख कर स्थानीय धर्म प्रेमी श्री धीमान् नीरजजी ने कहा कि जैन गीता को पूर्ण करने के उपरान्त हिन्दी के प्रचलित छन्द मे कलशा का पद्यानुवाद हो तो एक नई चीज हम लोगों को उपलब्ध होगी। उत्तर मे मैंने और कुछ नही कहा देखो!!! समय पर जो बन जाये!! अभी तो जैन गीता पूर्ण करना है।

इसी समुचित प्रेरणा का यह सुफल है कि "जैन गीता" को सिद्ध क्षेत्र कुण्डल गिरि पर पूर्ण करने के उपरान्त, उसी पवित्र स्थान पर, ग्रन्थराज समयसार का भी पद्यानुवाद "कुन्द कुन्द का कुन्दन" के नाम से पूर्ण किया। आज यह अध्यात्मरस से भरपूर कलशा का पद्यानुवाद "निजामृत-पान" के रूप मे प्रस्तुत हैं

जो मेरी भावना के लय पर है तथा इस छन्द का नाम आचार्य गुरुवर ज्ञान सागर जी महाराज की पुण्य स्मृति मे ज्ञानोदय रखा है। हा ! यह अनुवाद कही-कही पर शब्दानुवाद बन पडा है, तो कही-कही पर भाव निखर आया है। आशा ही नही अपितु विश्वास है कि "निजामृत पान" का पान कर भव्य मुमुक्षु पाठकगण भावातीत ध्यान मे तैरते हुए अपने आप को उत्सर्गित पायेंगे, चेतना मे समर्पित पायेंगे।

यह सब स्व वयोवृद्ध, तपोवृद्ध एव ज्ञानवृद्ध आचार्य गुरुवर श्री ज्ञानसागरजी महाराजश्री के प्रसाद का परिपाक है। परोक्ष-रूप से उन्ही के अभय चिन्ह-चिन्हित-युगल कर-कमलो मे "निजामृतपान" का समर्पण करता हुआ ' ।

गुरुचरणारविन्द चचरीक
ॐ शुद्धात्मने नम
ॐ निरजनाय नम
ॐ जिनाय नम
ॐ निजाय नम

—आचार्य विद्यासागर

वीर जयन्ती
(चैत शुक्ला त्रयोदशी)
वीर स० २५०४
दमोह (कुण्डलपुर)

निजामृतपान

मंगलाचरण

दोहा

देवशास्त्र गुरु स्तवन

सन्मति को मम नमन हो, मम मति सन्मति होय ।
सुर-नर-पशु-गति सब मिटे, गति पचम-गति होय ॥१॥
चन्दन चन्द्र–चादनी, से जिन-धुनि, अति शीत ।
उसका सेवन मैं करू, मन–वच–तन कर नीत ॥२॥
सुर, सुर-गुरु तक, गुरु चरण-रज सर पर सुचढाय ।
यह मुनि, मन गुरु भजन मे, निशि-दिन क्यो न लगाय ? ॥३॥

श्री कुन्द कुन्दाय नमः

"कुन्द कुन्द" को नित नमू, हृदय कुन्द खिल जाय ।
परम सुगन्धित महक मे, जीवन मम घुल जाय ॥४॥

श्री अमृतचन्द्राय नम.

"अमृतचन्द्र" से अमृत है, झरता जग अपरुप ।
पी पी मम मन मृतक भी, अमर बना सुख कूप ॥५॥

श्री ज्ञानसागराय नम.

तरणि "ज्ञानसागर" गुरो ! तारो मुझे ऋषीश ।
करुणाकर ! करुणा करो, कर से दो आशीश ॥६॥

प्रयोजन

अमृत–कलश का मैं करु, पद्यमयी अनुवाद ।
मात्र कामना मम रही, मोह मिटे परमाद ॥७॥

श्री समयसार-कलश

नम समयसाराय स्वानुभूत्या चकासते ।
चित्स्वभावाय भावाय सर्वभावान्तरच्छिदे ।। १ ।।

अनन्तधर्मणस्तत्त्व पश्यन्ती प्रत्यगात्मन ।
अनेकान्तमयी मूर्तिर्नित्यमेव प्रकाशताम् ।। २ ।।

परपरिणतिहेतोर्मोहनाम्नोऽनुभावा-
दविरतमनुभाव्यव्याप्तिकल्माषिताया. ।
मम परमविशुद्धि शुद्धचिन्मात्रमूर्त्ते-
र्भवतु समयसारव्याख्ययैवानुभूते. ।। ३ ।।

उभयनयविरोधध्वसिनि स्यात्पदाङ्के
जिनवचसि रमन्ते ये स्वयं वान्तमोहा. ।
सपदि समयसार ते परं ज्योतिरुच्चै-
रनवमनयपक्षाक्षुण्णमीक्षन्त एव ।। ४ ।।

व्यवहरणनय. स्याद्यद्यपि प्राक्पदव्या-
मिह निहितपदानां हन्त हस्तावलम्ब ।
तदपि परममर्थं चिच्चमत्कारमात्र
परविरहितमन्त. पश्यतां नैष किञ्चित् ।। ५ ।।

एकत्वे नियतस्य शुद्धनयतो व्याप्तुर्यदस्यात्मन
पूर्णज्ञानघनस्य दर्शनमिह द्रव्यान्तरेभ्य पृथक् ।
सम्यग्दर्शनमेतदेवनियमादात्मा च तावानय
तन्मुक्त्वा नवतत्त्वसन्ततिमिमामात्मायमेकोऽस्तु न. ।। ६ ।।

* ज्ञानोदय-छन्द *

मणिमय, मनहर निज अनुभव से झग झग झग झग करती है
तमो रजो अरु सतोगुणो के गण को क्षण मे हरती है।
समय समय पर समय-सार मय चिन्मय निज ध्रुव मणिका को,
नमता मम निर्मम मस्तक, तज मृणमय जड़मय मणिका को ।। १ ।।

गाती रहती गुरु की गरिमा अगणित धारे गुण गण है,
मोह मान मद माया मद से रहित हुए है ये जिन है।
अनेकान्तमय वाणी जिनकी जीवित जग मे तव लौं हो,
रवि शशि उडगण लसते रहते विस्तृत नभ मे जव लौ हो ।। २ ।।

समय सार की व्याख्या करता, चाहू कुछ नहिं विरत रहू,
चिदानन्द का अनुभव करता निशिदिन निज मे निरत रहू।
मोह भाव मम विखर-विखर कर क्षण-क्षण कण-कण मिट जावे,
पर परिणतिका मूल यही वस मोह मूल झट कट जावे ।। ३ ।।

स्यात् पद भूपित, दूषित नहिं है जिन वच मुझे सुहाते है,
उभय-नयो के आग्रह कर्दम इकदम स्वच्छ धुलाते हैं।
जिन वच रमता, सकल मोह का मुनि वन वन मे वमन किया,
समकित अमित 'समय' लख मुनि ने शत शत वन्दन नमन किया।। ४ ।।

निर्विकल्पमय समाधि जव तक साधक मुनिगण नहिं पाते,
तव तक उनको प्रभु का आश्रय समयोचित है मुनि गाते।
निश्चय नयमय नभ मे लखते चम चम चमके चेतन ज्योत,
अन्तर्विलीन मुनिवर को पर, प्रभु आश्रय तो जुगुनू ज्योत ।। ५ ।।

विशुद्ध नय का विषय भूत उस विरागता का पूरा-पन,
पूर्ण ज्ञान का अवलोकन औ सकल सग से सूना पन।
निश्चय सम्यग्दर्शन है वह वही निजामृत है प्यारा,
वही शरण है वही शरण लू तज नव-तत्वो का भारा ।। ६ ।।

अत शुद्धनयायत्तं प्रत्यग्ज्योतिश्चकास्ति तत् ।
नवतत्त्वगतत्वेऽपि यदेकत्व न मुञ्चति ।। ७ ।।

चिरमिति नवतत्त्वच्छन्नमुन्नीयमानं
कनकमिव निमग्नं वर्णमालाकलापे ।
अथ सततविविक्तं दृश्यतामेकरूपं
प्रतिपदमिदमात्मज्योतिरुद्योतमानम् ।। ८ ।।

उदयति न नयश्रीरस्तमेति प्रमाणं
क्वचिदपि च न विद्मो याति निक्षेपचक्रम् ।
किमपरमभिदध्मो धाम्नि सर्वंकषेऽस्मिन्
अनुभवमुपयाते भाति न द्वैतमेव ।। ९ ।।

आत्मस्वभाव परभावभिन्न-
मापूर्णमाद्यन्तविमुक्तमेकम् ।
विलीनसकल्पविकल्पजालं-
प्रकाशयन् शुद्धनयोऽभ्युदेति ।। १० ।।

न हि विदधति बद्धस्पृष्टभावादयोऽमी
स्फुटमुपरि तरन्तोऽप्येत्य यत्र प्रतिष्ठाम् ।
अनुभवतु तमेव द्योतमान समन्तात्
जगदपगतमोहीभूय सम्यक्स्वभावम् ।। ११ ।।

भूत भान्तमभूतमेव रभसा निर्भिद्य बन्धं सुधी-
र्यद्यन्त किल कोऽप्यहो कलयति व्याहत्यमोह हठात् ।
आत्मात्मानुभवैकगम्यमहिमा व्यक्तोऽयमास्ते ध्रुव
नित्य कर्मकलङ्कपङ्कविकलो देव स्वय शाश्वत ।। १२ ।।

निर्मल निश्चय-नय का तब-तब आश्रय ऋषि अवधारत हो,
अन्तर्जगती-तल में जब तक जग मग जग मग जागृत हो ।
फलत निश्चित लगता नहीं वो मुनि के मन में मैलापन,
नव तत्वों में भला हुला हो चला न जाता उजला-पन ॥ ७ ॥

नव तत्वों में ढल कर चेतन मृण्मय तन के खानन में,
अनुमानित है चिर से जैसा कनक कनक पाषाणन में ।
वही दीखता समाधि रत को शोभित द्युतिमय शाश्वत है,
एक अकेला तन से न्यारा ललाम आतम भास्वत है ॥ ८ ॥

निजानुभव का उद्भव उसमें विराग मुनि में हुआ जभी,
भेदभाव का खेदभाव का प्रलय नियम से हुआ तभी ।
प्रमाण नय निक्षेपादिक सब पता नहीं कब मिट जाते,
उदयाचल पर अरुण उदित हो उडुगण गुप चुप छुप जाते ॥ ९ ॥

आदि रहित है मध्य रहित है अन्त रहित है अरहन्ता,
विकल्प जल्पों संकल्पों से रहित अवगुणो गुणवन्ता ।
इस विध गाता निश्चय नय है पूरण आतम प्रकटाता,
समरस रसिया ऋषि उसमें हो उदित उजाला उपजाता ॥ १० ॥

क्षणिक भाव है क्षणिक काल लौं ऊपर ऊपर दिख जाते,
तन मन वच विधि दृग चरणादिक जिसमें चिर नहिं टिक पाते ।
निजमें निज से निज को निज ही निरख निरख तू नित्यालोक,
सकल मोह तज फिर झट करले अवलोकित सब लोकालोक ॥ ११ ॥

विशुद्ध नय आश्रय से होती स्वानुभूति है कहलाती,
वही परम ज्ञानानुभूति है वाणी जिनकी बतलाती ।
जान मान कर इस विध तुमको निजमें रमना वांछित है,
निर्मल बोध निरंतर प्यारा परित- पूर्ण प्रकाशित है ॥ १२ ॥

आत्मानुभूतिरिति शुद्धनयात्मिका या
ज्ञानानुभूतिरियमेव किलेति बुद्ध्वा ।
आत्मानमात्मनि निवेश्य सुनिष्प्रकम्प-
मेकोऽस्ति नित्यमवबोधघन. समन्तात् ।। १३ ।।

अखण्डितमनाकुलं ज्वलदनन्तमन्तर्बहि-
र्मह परममस्तु नः सहजमुद्विलास सदा ।
चिदुच्छलननिर्भरं सकलकालमालम्बते
यदेकरसमुल्लसल्लवणखिल्यलीलायितम् ।। १४ ।।

एष ज्ञानघनो नित्यमात्मा सिद्धिमभीप्सुभि· ।
साध्य-साधकभावेन द्विधैक. समुपास्यताम् ।। १५ ।।

दर्शन-ज्ञान-चारित्रैस्त्रित्वादेकत्वत· स्वयम् ।
मेचकोऽमेचकश्चापि सममात्मा प्रमाणत. ।। १६ ।।

दर्शन-ज्ञान-चारित्रैस्त्रिभि. परिणतत्वत· ।
एकोऽपि त्रिस्वभावत्वाद्व्यवहारेण मेचकः ।। १७ ।।

परमार्थेन तु व्यक्तज्ञातृत्वज्योतिषैकक· ।
सर्वभावान्तरध्वसिस्वभावत्वादमेचक· ।। १८ ।।

आत्मध्यान मे विलीन होकर मोह भाव का करे हनन,
विगत अनागत आगत विधि के बन्धन तोडे झट मुनिजन ।
शाश्वत शिव बन शिव सुख पाते लोक अग्र पर बसते हैं,
निज अनुभव मे जाने जाते कर्म–मुक्त, ध्रुव लसते हैं ।। १३ ।।

चिन्मय गुण मे परिपूरित है परम निराकुल छविवाली,
बाहर भीतर सदा एकसी लवण डली सी अति प्यारी ।
सहज स्वय बस लस लसती ललित–चेतना उजयाली,
पीने मुझको सतत मिले बस समता–रस की वह प्याली ।। १४ ।।

ज्ञान सुधा रस पूर्ण भरा है आतम नित्य निरजन है,
यदपि साध्य साधक वश द्विविधा तदपि एक मुनि रजन हैं ।
ऋद्धि सिद्धि की पूर्ण वृद्धि को यदि पाने मन मचल रहा,
स्वातम साधन करलो, करलो चचल मन को अचल अहा ।। १५ ।।

द्रव्य दृष्टि मे निरखो आतम एक एक आकार बना,
पर्यय दृष्टि बनती दिखता अनेक–नैकाकारतना ।
चचल मन मे वही उतरता विद्याद्गवत धरा हुआ,
दिखता समाधिरत मुनियो को सचमुच चिति मे भरा हुआ ।। १६ ।।

दृग–व्रत–बोधादिक मे साधक नियम रूप से ढलता है,
पल, पल, पग, पग आगे बढ़ता अविरल शिवपथ चलता है ।
एक यदपि वह तदपि इसी मे बहुविध स्वभाव धारक है,
इस विध यह व्यवहार कथन है कहते मुनि व्रत पालक है ।। १७ ।।

पूर्ण रूप मे सदा काल मे व्यक्त पूर्ण है उचित रहा,
ज्ञान–ज्योति मे विलस रहा है एक आप मे रचित रहा ।
वैकारिक–वैभाविक भावो का निज आतम नाशक है,
इसीलिये वह माना जाता एक भाव का शासक है ।। १८ ।।

आत्मनश्चिन्तयैवालं मेचकामेचकत्वयोः ।
दर्शन-ज्ञान-चारित्रै साध्यसिद्धिर्न चान्यथा ।। १९ ।।

कथमपि समुपात्तत्रित्वमप्येकताया॰
अपतितमिदमात्मज्योतिरुद्गच्छदच्छम् ।
सततमनुभवामोऽनन्तचैतन्यचिन्ह
न खलु न खलु यस्मादन्यथा साध्यसिद्धि॰ ।। २० ।।

कथमपि हि लभन्ते भेदविज्ञानमूला-
मचलितमनुभूतिं ये स्वतो वान्यतो वा ।
प्रतिफलननिमग्नानन्तभावस्वभावै-
र्मुकुरवदविकारा सन्तत स्युस्त एव ।। २१ ।।

त्यजतु जगदिदानीं मोहमाजन्मलीढं
रसयतु रसिकानां रोचनं ज्ञानमुद्यत् ।
इह कथमपि नात्माऽनात्मना साकमेक॰
किल कलयति काले क्वापि तादात्म्यवृत्तिम् ।। २२ ।।

अयि कथमपि मृत्वा तत्त्वकौतूहली सन्
अनुभव भव मूर्ते पार्श्ववर्ती मुहूर्तम् ।
पृथगथ विलसन्त स्वं समालोक्य येन
त्यजसि झगिति मूर्त्या साकमेकत्वमोहम् ।। २३ ।।

कान्त्यैव स्नपयन्ति ये दश दिशो धाम्ना निरुन्धन्ति ये
धामोद्दाममहस्विना जनमनो मुष्णन्ति रूपेण ये ।
दिव्येन ध्वनिना सुखं श्रवणयो साक्षात्क्षरन्तोऽमृतं
वन्द्यास्तेऽष्टसहस्रलक्षणधरास्तीर्थेश्वरा॰ सूरय॰ ।। २४ ।।

एक स्वभावी नैक स्वभावी द्रव्य गुणो से खिलता है,
ऐसा आतम चिन्तन से वह मोक्ष धाम नही मिलता है।
समकित विद्याव्रत से मिलती मुक्ति हमे अविनश्वर है,
सच्चा साधन साध्य दिलाता इस विध कहते ईश्वर हैं॥ १९॥

रत्नत्रय मे ढली घुली पर मिली खिली इक सारा है,
धारा प्रवाह वहती रहती जीवित चेतन धारा है।
कुछ भी हो पर स्वय इसी मे अवगाहित निज करता हू,
नहि-नहि इस विन शाति, तृप्ति हो, आत्म-ताप सव हरता हू॥ २०॥

स्वपर वोध का मूल स्वानुभव जहाँ जगत प्रतिविम्वित हो,
जिन-मुनिवर को मिला स्वत या सुन गुरु वचन अशकित हो।
पर न विभावो से वे अपना कलुपित करते निजपन है,
कई वस्तुये झलक रही हैं तथापि निर्मल दर्पण है॥ २१॥

मोह मद्य का पान किया चिर अव तो तज जडमति! भाई,
ज्ञान सुधारस एक घूट लें मुनि जन को जो अति भाई।
किसी समय भी किसी तरह भी चेतन तन मे ऐक्य नही,
ऐसा निश्चय मन मे धारो, धारो मन मे दैन्य नही॥ २२॥

खेल खेलता कोतुक से भी रूचि ले अपने चिन्तन मे,
मर जा "पर कर निजानुभव कर" घडी घडी मत रच तन मे।
फलत पल मे परम पूत को द्युतिमय निज को पायेगा,
देह-नेह तज, सज-धज निजको निज से निज घर जायेगा॥ २३॥

दशो दिशाओ को है करते स्नपित सौम्य शुचि शोभा से,
शत शत सहस्र रवि शशियो को कुन्दित करते आभा से।
हित मित वच से कर्ण तृप्त हैं करते दश-शत-अठ गुण-धर,
रूप सलोना धरते, हरते जन मन जिनवर हैं मुनिवर॥ २४॥

प्राकारकवलिताम्बरमुपवनराजीनिगीर्णभूमितलम् ।
पिबतीव हि नगरमिदं परिखावलयेन पातालम् ॥ २५ ॥

नित्यमविकारसुस्थितसर्वांगमपूर्वसहजलावण्यम् ।
अक्षोभमिव समुद्रं जिनेन्द्ररूपं परं जयति ॥ २६ ॥

एकत्वं व्यवहारतो न तु पुनः कायात्मनोर्निश्चयात्
नुः स्तोत्रं व्यवहारतोऽस्ति वपुषः स्तुत्या न तत्तत्त्वतः ।
स्तोत्रं निश्चयतश्चितो भवति चित्स्तुत्यैव सैव भवेत्
नातस्तीर्थकरस्तवोत्तरबलादेकत्वमात्माङ्गयोः ॥ २७ ॥

इति परिचिततत्त्वैरात्मकायैकतायां
नयविभजनयुक्त्यात्यन्तमुच्छादितायाम् ।
अवतरति न बोधो बोधमेवाद्य कस्य
स्वरसरभसकृष्टः प्रस्फुटन्नेक एव ॥ २८ ॥

अवतरति न यावद् वृत्तिमत्यन्तवेगा-
दनवमपरभावत्यागदृष्टान्तदृष्टिः ।
झटिति सकलभावैरन्यदीयैर्विमुक्ता
स्वयमियमनुभूतिस्तावदाविर्बभूव ॥ २९ ॥

सर्वतः स्वरसनिर्भरभावं
चेतये स्वयमहं स्वमिहैकम् ।
नास्ति नास्ति मम कश्चन मोहः
शुद्धचिद्घनमहोनिधिरस्मि ॥ ३० ॥

गोपुर नभ का चुम्बन लेता ढकती वन–छवि वसुधातल,
गहरी खाई मानो पीती निरी तलातल रासातल।
पुर वर्णन तो पुर वर्णन है पर नहि पुर पति की महिमा,
मानी जाती इसीलिये वह केवल जडमय पुर महिमा ॥ २५ ॥

अनुपम अद्भुत जिनवर मुख है रग रग मे है रूप भरा,
जय हो सागर सम गभीर शम यम दम का कूप निरा।
रूपी तन का "रूप रूप" भर तन से जिनवर है न्यारे,
इसीलिए यह तन की स्तुति है मुनिवर कहते हैं प्यारे ॥ २६ ॥

तन की स्तुति से चेतन-स्तुति की औपचारिकी कथनी है,
यथार्थ नहि तन चेतन नाता यह जिन-श्रुति, अघ–मथनी है।
चेतन स्तुति पर चेतन गुण से निर्विवाद यह निश्चित है,
अत ऐक्य तन चेतन मे वो नही सर्वथा किंचित है ॥ २७ ॥

स्वपर तत्व का परिचय पाया निश्चय नय का ले आश्रय,
जड काया से निज चेतन का ऐक्य मिटाया वन निर्भय।
स्वरस रसिक वर वोध विकासित क्या नहि उस मुनिवर मे हो,
भागा वाधक ! साधा साधक ! साध्य सिद्ध वस पल मे हो ॥ २८ ॥

सयम वाधक सकल सग को मन वच तन से त्याग दिया,
वना सुसयत, अभी नही पर प्रमत्त परमे राग किया।
तभी सुधी मे निजानुभव का उद्भव होना सभव है,
पर भावो से रहित परिणती अविरत मे ना सभव है ॥ २९ ॥

सरस स्वरस परिपूरित परित सहज स्वय शुचि चेतन का,
अनुभव करता मन हर्षाता अनुपम शिव सुख केतन का।
अत नही है कभी नही है मान मोह–मद कुछ मेरा,
चिदानन्द का अमिट धाम हू द्वैत नही अद्वैत अकेला ॥ ३० ॥

इति सति सह सर्वैरन्यभावैर्विवेके
स्वयमयमुपयोगो बिभ्रदात्मानमेकम् ।
प्रकटितपरमार्थैर्दर्शनज्ञानवृत्तै
कृतपरिणतिरात्माराम एव प्रवृत्त. ।। ३१ ।।

मज्जन्तु निर्भरममी सममेव लोका
आलोकमुच्छलति शान्तरसे समस्ता. ।
आप्लाव्य विभ्रमतिरस्करिणी भरेण
प्रोन्मग्न एष भगवानवबोधसिन्धु· ।। ३२ ।।

जीवाजीवविवेकपुष्कलदृशा प्रत्याययत्पार्षदा-
नाससारनिबद्धबन्धनविधिध्वसाद्विशुद्ध स्फुटत् ।
आत्माराममनन्तधाम महसाध्यक्षेण नित्योदित
धीरोदात्तमनाकुल विलसति ज्ञान मनो ह्लादयत् ।। ३३ ।।

विरम किमपरेणाकार्यकोलाहलेन
स्वयमपि निभृत. सन् पश्य षण्मासमेकम् ।
हृदयसरसि पुंसः पुद्गलाद्भिन्नधाम्नो
ननु किमनुपलब्धिर्भाति किं चोपलब्धि. ।। ३४ ।।

चिच्छक्तिव्याप्तसर्वस्वसारो जीव इयानयम् ।
अतोऽतिरिक्ता सर्वेऽपि भावा· पौद्गलिका अमी ।। ३५ ।।

सकलमपि विहायाह्नाय चिच्छक्तिरिक्त
स्फुटतरमवगाह्य स्व च चिच्छक्तिमात्रम् ।
इममुपरि चरन्त चारु विश्वस्य साक्षात्
कलयतु परमात्मयात्मानमात्मन्यनन्तम् ।। ३६ ।।

राग द्वेष से दोष कोप से सुदूर शुचि उपयोग रहा,
शुद्धातम को सतत अकेला बिना थके बस भोग रहा।
निश्चय रत्नत्रय का वाना, धरता नित अभिराम रहा,
विराम-आतम उपवन मे ही करता आठो याम रहा।। ३१ ।।

परम शान्त रस से पूरित वह बोध सिन्धु बस है जिनमे,
उज्ज्वल उज्ज्वल उछल रहा है पूर्ण रूप से त्रिभुवन में।
भ्रम विभ्रम नाशक है प्यारा इसमे अवगाहन करलो,
मोह ताप संतप्त हुए हो हृदय ताप को तुम हरलो।। ३२ ।।

भव वन्धन के हेतु भूत सब कर्म मिटाकर हर्षाता,
जीव देहगत भेद भिन्तता भविजन को है दर्शाता ।
चपल पराश्रित आकुल नहि पर उदार धृति धर गत आकुल,
हरा भरा निज उपवन मे नित ज्ञान खेलता सुख सकुल ।। ३३ ।।

राग रंग से अंग अंग से शीघ्र दूर कर वच तन रे!
सार हीन उन जग कार्यों मे विराम ले अब अयि! मन रे!
मानस-सरमें एक स्वयं को मात्र मास छह देख जरा,
जड से न्यारा सबसे प्यारा शिवपुर दिखता एक खरा।। ३४ ।।

तन मन वच से पूर्ण यत्न से चेतन का आधार धरो,
सवेदन मे शून्य जडो का अदय बनो संहार करो ।
आप आप का अनुभव करलो अपने मे ही आप जरा,
अखिल विश्व मे सर्वोपरि है अनुपम अव्यय आतमखरा।। ३५ ।।

विश्वसार है सर्वसार है समयसार का सार सुधा,
चेतन रस आपूरित आतम शत शत वन्दन वार सदा।
असार-मय ससार क्षेत्र में निज चेतन से रहे परे,
पदार्थ जो भी जहा तहां है मुझ से पर हैं निरे निरे।। ३६ ।।

वर्णाद्या वा रागमोहादयो वा
भिन्ना भावाः सर्व एवास्य पुंसः ।
तेनैवान्तस्तत्त्वतः पश्यतोऽमी
नो दृष्टाः स्युर्दृष्टमेकं परं स्यात् ।। ३७ ।।

निर्वर्त्यते येन यदत्र किञ्च-
त्तदेव तत्स्यान्न कथं च नान्यत् ।
रुक्मेण निर्वृत्तमिहासिकोशं
पश्यन्ति रुक्म न कथञ्चनासिम् ।। ३८ ।।

वर्णादिसामग्र्यमिदं विदन्तु
निर्माणमेकस्य हि पुद्गलस्य ।
ततोऽस्त्विदं पुद्गल एव नात्मा
यतः स विज्ञानघनस्ततोऽन्यः ।। ३९ ।।

घृतकुम्भाभिधानेऽपि कुम्भो घृतमयो न चेत् ।
जीवो वर्णादिमज्जीवो जल्पनेऽपि न तन्मयः ।। ४० ।।

अनाद्यनन्तमचलं स्वसंवेद्यमबाधितम् ।
जीवः स्वयं तु चैतन्यमुच्चैश्चकचकायते ।। ४१ ।।

वर्णाद्यैः सहितस्तथा विरहितो द्वेधास्त्यजीवो यतो
नामूर्तत्वमुपास्य पश्यति जगज्जीवस्य तत्त्वं ततः ।
इत्यालोच्य विवेचकैः समुचितं नाव्याप्यतिव्यापि वा
व्यक्तं व्यञ्जितजीवतत्त्वमचलं चैतन्यमालम्ब्यताम् ।। ४२ ।।

वर्णादिक औ रागादिक ये पर हैं पर से हैं उपजे,
समाधि रत को केवल दिखते सदा पुरुष जो शुद्ध सजे,
लहरे सर मे उठती रहती झिलमिल झिलमिल करती हैं,
अन्दर तल मे मौन–छटा पर निश्चित मुनि मन हरती हैं ।। ३७ ।।

जग मे जब जब जिसमे जो जो जन्मत हैं कुछ पर्यायें ।
वे वे उसकी निश्चित होती समझ छोड दो शकाये ।
वना हुआ जो काचन का है सुन्दरतम असि कोष रहा,
विज्ञ उसे काचनमय लखते, कभी न असि को, होप रहा ।। ३८ ।।

वर्णादिक हैं रागादिक हैं गुणस्थान की हैं सरणी,
वह सब रचना पुद्गल की है जिन–श्रुति कहती भवहरणी ।
इसीलिए ये रागादिक हैं मल हैं केवल पुद्गल हैं,
शुद्धात्मा तो जड से न्यारा ज्ञान पुज है निर्मल है ।। ३९ ।।

मृण्मय घटिका यदपि तदपि वह घृत की घटिका कहलाती,
घृत संगम को पाकर भी पर घृतमय वह नहिं वन पाती ।
वर्णादिक को रागादिक को तन मन आदिक को ढोता,
सत्य किन्तु यह, यह भी निश्चित तन्मय आत्मा नहिं होता ।। ४० ।।

आदि हीन है अन्तहीन है अचल अडिग है अचल वना,
आप आप से जाना जाना प्रकट रूप से अमल तना ।
स्वयं जीव ही सहज रूप से चम चम चमके चेतन है,
समयसार का विश्व सार का शुचिमय शिव का केतन है ।। ४१ ।।

वर्णादिक से रहित सहित हैं धर्मादिक हैं ये पुद्गल,
